उपसंहार

यदि आप बाहर खड़े होकर अन्दर झांक रहे हैं

"और आत्मा, और दुल्हिन दोनों कहती हैं, आ; और सुनने वाला भी कहे, कि आ; और जो प्यासा हो, वह आए, और जो कोई चाहे वह जीवन का जल सेंत मेंत [अर्थात नि:शुल्क] ले" (प्रकाशितवाक्य 22:17)।

आप कहां हैं? आप मसीह में हैं या मसीह से बाहर? आपने सुना होगा, "मैं बाहर रहकर अन्दर झांकने के बजाय, अन्दर से बाहर देखना चाहूंगा।" यदि इस पद में किसी व्यक्ति की बात है, तो मैं इससे सहमत नहीं हूंगा क्योंकि मैं अन्दर से बाहर की ओर नहीं, बाहर से अन्दर की ओर झांकूंगा! परन्तु यदि विषय मसीह की कलीसिया है, तो मैं बिना किसी पक्षपात के यह कह सकता हूं, मैं अन्दर रहकर बाहर देखना चाहता हूं!

नये नियम की उन आयतों पर विचार करने के बाद जिनका सम्बन्ध कलीसिया से है, निश्चय ही आप भी मेरी तरह ही मानेंगे। "कलीसिया" के लिए परमेश्वर के नमूने पर विचार करके कौन उसका भाग बनने के लिए अन्दर नहीं आना चाहेगा?

यदि आप कलीसिया के बाहर से भीतर झांक रहे हैं, तो आप यहां से कहां जाएंगे? आप कलीसिया में कैसे प्रवेश कर सकते हैं या मसीह की देह के सदस्य कैसे बन सकते हैं?

यीशु हमें अपनी कलीसिया में मिलाता है। आप इसमें इस शब्द के सांसारिक अर्थ में शामिल नहीं हो सकते; परन्तु वह आपको हर्ष से वैसे ही इसमें मिलाएगा (प्रेरितों 2:47) जैसे वह पहली शताब्दी में उन लोगों को मिलाता था जो उसके वचन को ग्रहण करके उसकी आज्ञा मानते थे। वे उस यीशु में विश्वास करते थे जिसका चित्रण शब्दों द्वारा उनसे किया जाता है (प्रेरितों 2:41; रोमियों 10:17)। वे प्रतिदिन के जीवन में मसीह के पीछे चलने की प्रतिज्ञा करते हुए अपने पापों से मन फिराते थे (प्रेरितों 17:30, 31), वे अपने होंठों से यीशु को परमेश्वर का पुत्र मानते थे, मसीह में उस विश्वास की पुष्टि करते हुए जो उनके मनों में था (रोमियों 10:10) और अपने पापों की क्षमा के लिए मसीह में डुबकी का बपतिस्मा लेते थे (रोमियों 6:3; प्रेरितों 2:38; 22:16)। जब वे उनके द्वारा सुनाए वचन को मान लेते थे, तो मसीह उनको अपनी कलीसिया में मिला लेता था (प्रेरितों 2:47)। आप भी वही करें जो वे करते थे और मसीह आपके लिए भी वही करेगा जो उसने उनके लिए किया

था। वही सुसमाचार जिससे पहली शताब्दी के लोग मसीही बने थे, आपको भी मसीही बनाएगा।

यदि आप जानते हैं कि मसीही कैसे बनना है परन्तु आपको यह पता नहीं कि पहले क्या करना है, तो अपने निकट के किसी सुसमाचार प्रचारक को बुलाएं। आपको उसका पता किसी मित्र, चर्च ऑफ़ क्राइस्ट की डायरेक्टरी या वेबसाइट से मिल सकता है। वह आपकी सहायता करके आनन्दित होगा। अपने वचन में प्रभु द्वारा दी गई उद्धार की योजना को छोड़ किसी और योजना को न मानें। उसके वचन को मानकर पूरा हृदय मसीह को दे दें, आप आश्वस्त हो सकते हैं कि वह आपको अपनी देह में मिला लेगा। फिर, मसीह की आज्ञा मानने के बाद, आप उसकी कलीसिया बनकर रहें। यदि आपके निकट कोई मसीह की कलीसिया नहीं है, तो इस पुस्तक के आरम्भ में लिखे पते पर लिखें, और हम आपके क्षेत्र में आपकी सहायता के लिए प्रचारक ढूंढ़ने का प्रयास करेंगे।

यदि आप उस कलीसिया के विषय में और अध्ययन करना चाहते हैं जिसे यीशु ने बनाया, तो पुस्तक के आरम्भ में लिखे पते पर लिखें और हम आपका नाम बाइबल के नि:शुल्क पत्र व्यवहार कोर्स के लिए दर्ज कर लेंगे। कृपया बाहर खड़े होकर झांकते न रहें; मसीह को अनुमति दें कि वह आपको अपनी तेजस्वी कलीसिया में मिलाए ताकि आप अब भरपूरी का जीवन और आने वाले संसार में अनन्त जीवन का आनन्द ले सकें।